अनु- 69

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)–नालंदा–21 / 2022.1549 पटना, दिनांक:– 16/02/2023

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा के पत्रांक 339 दिनांक 08.09.2022 द्वारा श्री आशीष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04006) के विरूद्ध दिनांक 13.08.2022 से बिना सूचना के लगातार अपने कार्य स्थल से अनुपस्थित रहने एवं अमीन डायरी में नियमित प्रविश्टि नहीं करने के कारण सर्वेक्षण कार्य प्रभावित होने का आरोप प्रतिवेदित करते हुए आरोप पत्र गठित कर भेजा गया है।

प्राप्त आरोप पत्र के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 2623 दिनांक 23.09.2022 द्वारा आरोपित से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग इस सूचना के साथ की गयी है कि अगर निर्धारित अवधि तक स्पष्टीकरण प्राप्त नहीं होता है, तो नियमानुसार इनके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। इस आदेश के आलोक में निर्धारित तिथि तक आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है। स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करने की स्थिति में आरोपित को एक अवसर प्रदान करते हुए पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 4082 दिनांक 14.11.2022 के द्वारा स्मारित किया गया है। इतने स्पष्ट निदेश के साथ स्मारित करने के बावजूद भी आरोपित द्वारा अपना स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि आरोपित अपने उपर लगाए गए आरोपों के संदर्भ में कोई उत्तर नहीं देना चाहते हैं।

अतः बंदोबस्त पदाधिकारी, नालंदा से प्राप्त आरोप पत्र तथा संचिका में रक्षित अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अवलोकनोपरांत पाया गया कि बार–बार निदेश दिए जाने के बावजूद भी आरोपित द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित नहीं करना इनके उपर लगाए गए आरोपों को सम्पुष्ट करता है। साथ ही वरीय पदाधिकारियों के द्वारा मांगे गए स्पष्टीकरण 04 माह बाद भी समर्पित नहीं करना घोर अनुशासनहीनता एवं लापरवाही का द्योतक है।

विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा के अन्दर पूरा किया जाना है। इस तरह की अनुशासनहीनता एवं लापरवाही का कुप्रभाव अन्य विशेष सर्वेक्षण संविदा कर्मियों पर न पड़ने के दृष्टिगत इनका संविदा नियोजन समाप्त किया जाना ही औचित्यपूर्ण होगा।

अतः **"बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 के नियम – 8(4)"** के आलोक में श्री आशीष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04006) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

(जय सिंह) 9/2/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

16/02/2023

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)—नालंदा—21 / 2022 1542 **पटना, दिनांक** :—
प्रतिलिपि :— श्री आशीष कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN04006), बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप 16/02/2023

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)—नालंदा—21 / 2022 1542 **पटना, दिनांक** :—
प्रतिलिपि :— बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, नालंदा को सूचनार्थ प्रेशित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप 16/02/2023

ज्ञापांक :— 03 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(आरोप)—नालंदा—21 / 2022 1542 **पटना, दिनांक** :—
प्रतिलिपि :— श्रीमती सरीता कुमारी, प्रोग्रामर को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु प्रेशित।

निदेशक
भू—अभिलेख एवं परिमाप